S.No. 2(1) स्पीड पोस्ट द्वारा 6

सं. 21/159/2013-एम एंड जी

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

* * *

एन डी सी सी-।। भवन, जय सिंह रोड,

नई दिल्ली, दिनांक ~~दिसम्बर, 2013~~ 6th जनवरी, 2014

सेवा में

श्री देवेन्द्र कुमार दीक्षित,
1-627, सेक्टर-एफ, एल. डी. ए. कॉलोनी,
कानपुर रोड, लखनऊ-226012
उत्तर प्रदेश।

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना प्रदान किए जाने के बारे में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना मांगे जाने से संबंधित आपके दिनांक 09.10.2013 के आवेदन और गृह मंत्रालय के दिनांक 30.10.2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए-43020/01/2013-आर टी आई के संदर्भ में निम्नलिखित सूचना प्रदान की जाती है :-

बिंदु सं.	उत्तर
1, 2 और 3	इस संबंध में इस केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के पास कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।
4 एवं 5	श्री बी.एल. जोशी ने दिनांक 11.04.2012 को राज्यपाल के रूप में पाँच वर्ष के अपने कार्यकाल को पूरा कर लिया था। तथापि, वह संविधान के अनुच्छेद 156 (3) के प्रावधान के अनुसार अभी भी राज्यपाल के पद पर बने हुए हैं।
6 एवं 7	भारत के संविधान के अनुच्छेद 159 के साथ पठित अनुच्छेद 156 (3) के अनुसार राज्यपाल पद धारित करने के लिए कोई शपथ या प्रतिज्ञान अपेक्षित नहीं है।

2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 के अनुसार, इस पत्र के विरुद्ध अपील श्री एस. सुरेश कुमार, संयुक्त सचिव (सी एस) एवं प्रथम अपील प्राधिकारी, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली को की जा सकेगी।

भवदीय,

(आशुतोष जैन)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी एवं
निदेशक (सी एस-।।)

5210/13 - 15 Oct 13

5210/13

सेवा में,

श्रीमान जन सूचना अधिकारी,
कार्यालय माननीय प्रधान मंत्री जी,
भारत सरकार,
नई दिल्ली।

14 OCT 2013
DAK SECTION

विशयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराया जाना।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि उत्तर प्रदेश के श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल जी के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनाओं की जनहित एवं राष्ट्रहित में नितान्त आवश्यकता है :—

1. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पद पर सुशोभित/नियुक्त होने से पूर्व जिन–जिन पदों पर कार्यरत/सेवारत रहे हों, की पदवार/संवर्गवार अभिप्रमाणित सूचना।
2. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पद पर सुशोभित/नियुक्त होने से पूर्व उनके तथा उनके सगे–सम्बन्धियों के चल–अचल संपत्तियों की अभिप्रमाणित सूचना।
3. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पद पर सुशोभित/नियुक्त होने के तिथि से दिनांक 30/09/2013 तक उनके तथा उनके सगे–सम्बन्धियों के चल–अचल संपत्तियों की अभिप्रमाणित सूचना।
4. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कार्यकाल समाप्त होने के तिथि तथा उसके उपरान्त उन्हें पुनः श्री राज्यपाल के पद पर सेवा विस्तार/कार्यकाल विस्तार दिये जाने के अवधि की अभिप्रमाणित सूचना।
5. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कार्यकाल को बढ़ाये जाने के आधार, नियम, उपनियम आदि की अभिप्रमाणित सूचना।
6. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल महोदय द्वारा सेवा विस्तार/कार्यकाल विस्तार के उपरान्त शपथ लिये जाने के प्राविधान/नियम आदि की अभिप्रमाणित सूचना।
7. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल के कार्यकाल बढ़ाये जाने के आधार के साथ–साथ उनके द्वारा पुनः शपथ ग्रहण कराये जाने अथवा शपथ ग्रहण न कराये जाने के सम्बन्ध में अभिप्रमाणित सूचना।

अतः आपसे अनुरोध है कि जनहित एवं राष्ट्रहित में उपरोक्त सूचनाएँ प्रार्थी को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा करें। सूचना प्राप्ति हेतु रु0 10/— का भारतीय पोस्टल आर्डर संख्या . संलग्न है।

सादर!

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2013

RTI SECT
No. 12624
Date 14/10/13
19/10/13

भवदीय,

09/10/13

(देवेन्द्र कुमार दीक्षित)
ई–627, सेक्टर–एफ, एल.डी.ए. कालोनी,
कानपुर रोड, लखनऊ–226012.
मोबाइल नं. – 9936868017.

384120

IPO No-17F 576576 7 ₹10/-